पत्रांक– 334

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण।

सेवा में,

सभी प्राचार्य, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, ।
प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, गर्दनीबाग, पटनां।
कुलसचिव, नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना।
कुलसचिव, भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।
कुलसचिव, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभांगा।
कुलसचिव, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, गया।

पटना, दिनांक 26/7/18

महाशय/महाशया,

विभागीय संकल्प संख्या–128 दिनांक– 22.03.2018 के अनुसार आपके संस्थानों से सरकारी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 1467 अप्रशिक्षित शिक्षक/शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण किया जाना है। इस संबंध में प्रति अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय के लिए 100 सीट आवंटित है, गर्दनीबाग महाविद्यालय के लिए 50 सीट आवंटित है। नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के लिए 205 सीट आवंटित है एवं शेष तीन विश्वविद्यालय में प्रति विश्वविद्यालय हेतु 204 सीट आवंटित है। नामांकन संबंधी कार्रवाई हेतु नामांकन कैलेण्डर की प्रति पत्र के साथ प्रेषित करते हुए निदेश दिया जाता है कि अंकित संख्या में सीटों को नामांकन हेतु सुरक्षित रखा जाय, ताकि सरकारी शिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु नामांकन के क्रम में कोई कठिनाई नहीं हो।

कृपया इसे प्राथमिकता दिया जाय।

विश्वासभाजन

26/7/18

(विनोद कुमार सिंह)
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण।

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

नामांकन कैलेंडर

सरकारी विद्यालयों में कार्यरत वैसे 1467 शिक्षक/शिक्षिका जिन्होंने B.Ed कोर्स सत्र 2018–20 में नामांकन हेतु Online आवेदन किया है के प्रशिक्षण के संबंध में नामांकन कैलेन्डर निम्नवत् है–

1. नामांकन हेतु सूचना प्रेषण की तिथि – 1 अगस्त 2018
2. बेवसाईट पर प्रकाशन की तिथि – 3 अगस्त 2018
3. नामांकन की अन्तिम तिथि – 23 अगस्त 2018
4. शिक्षक प्रशिक्षण सत्र का आरंभ – 27 अगस्त 2018

26/7/18

(विनोद कुमार सिंह)
निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण।